जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय पूर्वर्ती नाम राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय बदनौरा बुलन्दशहर में साफ सफाई एवं अन्य कार्य हेतु भर्ती

अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम आहर्ता –

1. अभ्यर्थी कक्षा 8 उत्तीर्ण हो।
2. रोजगार कार्यालय में पंजीकृत हो ।
3. आयु सीमा 18 से 40 वर्ष ।
4. बुलंदशहर निवासी एवं अनुभवी अभ्यर्थी को वरीयता दी जाएगी ।
5. अभ्यर्थी साईकिल चलाना जनता हो ।

कार्मिकों की अर्हता, पद नाम, मुख्य दायित्व,

क0स0	पदनाम	मुख्य दायित्व	अर्हता	पद सं0
1	सफाई कर्मी	रिपोर्टिंग अधिकारी के अनुसार साफ सफाई बाथरूम सहित एवं सौंपे गए अन्य कार्य	उपरोक्त	2
2.	चपरासी	रिपोर्टिंग अधिकारी के अनुसार आवंटित कार्य एवं सौंपे गए अन्य कार्य	उपरोक्त	1

इच्छुक अभ्यर्थी दिए गए लिंक पे आवेदन करें

https://samarpanmultiservices.com/career

जारीकर्ता–निदेशक
सेवाा प्रदाता कम्पनी–समर्पण मल्टीसर्विसेज प्रा0लि0
डी–526 राजा जी पुरम लखनऊ उ0प्र0

अन्य शर्ते

1. बिना किसी अग्रिम सूचना के सेवायें समाप्त की जा सकती है। पदों की संख्या घट–बढ़ सकती है।
2. निर्धारित शैक्षिक योग्यता, संबंधित अनुभव एवं अन्य प्रमाणपत्र की छायाप्रति स्वप्रमाणित कर आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।
3. अभ्यर्थी के अर्ह अथवा अनर्ह होने के सम्बन्ध में सेवा प्रदाता कम्पनी का निर्णय अन्तिम होगा।
4. किसी भी स्तर पर आवेदन पत्र के विवरण व अभ्यर्थी द्वारा संलग्न प्रपत्रों में कोई विसंगति पायी जाती है तो आवेदन पत्र निरस्त किया जा सकता है।
5. अभ्यर्थी को काउन्सलिंग/साक्षात्कार व नियुक्ति के समय निर्धारित शैक्षिक योग्यता, अनुभव एवं अन्य प्रमाण पत्रों को मूल रूप में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
6. अभ्यर्थियों को साक्षात्कार/काउन्सलिंग में आने हेतु यात्रा भत्ता देय नही होगा।
7. अभ्यर्थियों को आवेदन फार्म में क्रियाशील मोबाइल नम्बर अवश्य अंकित करना है।
8. पारिश्रमिक कार्मिकों को बैंक के माध्यम से दिया जायेगा। अतः चयन के उपरान्त अभ्यर्थियों को राष्ट्रीयकृत बैंक (प्राथमिकता भारतीय स्टेट बैंक की सी0बी0एस0 ब्रांच) में अपना एकाउन्ट खुलवाना अनिवार्य होगा व इसकी लिखित सूचना पत्र के माध्यम से व बैंक पासबुक की पठनीय फोटोप्रति (स्वप्रमाणित) संलग्न कर हमारी कम्पनी को देनी होगी। यदि खाता पूर्व से खुला है तो KYC कराकर प्रपत्र प्रस्तुत करने होगें।
9. अभ्यर्थी के कार्यकाल के दौरान उसके द्वारा किये गये किसी भी प्रकार के कृत्य के कारण यदि जिला समाज कल्याण अधिकारी बुलन्दशहर द्वारा कभी भी क्षतिपूर्ति/पेनाल्टी की मांग की जाती है तो इस धनराशि की देनदारी सम्बन्धित अभ्यर्थी/कर्मी की होगी।
10. कार्मिक को समयबद्ध, मृदुभाषी तथा शिष्ट आचरण करना अनिवार्य होगा।
11. कार्मिक द्वारा कार्य स्थल/कार्यालय परिसर में अच्छा आचरण रखना होगा तथा वह मादक द्रव्यपान, धूम्रपान व तम्बाकू आदि का प्रयोग नहीं करेगा, यदि इस प्रकार के आचरण होने की सूचना/पुष्टि होती है तो ऐसे कार्मिक को निष्कासित कर दिया जायेगा।
12. नियोक्ता कार्यालय द्वारा अनुसंशा की स्थिति में भी सेवा से प्रथक कर दिया जायेगा।

जारीकर्ता–निदेशक
सेवाा प्रदाता कम्पनी–समर्पण मल्टीसर्विसेज प्रा0लि0
डी–526 राजा जी पुरम लखनऊ उ0प्र0

<u>प्रतिलिपिः</u> यह विज्ञप्ति समर्पण मल्टीसर्विसेज प्रा0लि0 की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

जारीकर्ता–निदेशक
सेवाा प्रदाता कम्पनी–समर्पण मल्टीसर्विसेज प्रा0लि0
डी–526 राजा जी पुरम लखनऊ उ0प्र0